लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल–462 021
दूरभाषः 91–0755–2583650 फेक्सः91–07552583651
ई–मेल dpimp@sancharnet.in

क्रमांक/विद्या/इंस्पायर अवार्ड/2010/810 भोपाल, दिनांक 09.08.2010

प्रति,

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
   मध्यप्रदेश।
2. समस्त सहायक आयुक्त/जिला संयोजक
   आदिवासी विकास,
   मध्यप्रदेश
3. समस्त जिला परियोजना समन्वयक
   जिला शिक्षा केन्द्र, म.प्र.

विषयः– इंस्पायर अवार्ड प्रोग्राम का क्रियान्वयन– राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता के संबंध में।

संदर्भः– 1.संचालनालय का पत्र क्रमांक–विद्या/इंस्पायर/2009/596, दिनांक 28.6.2010
2 संचालनालय का पत्र क्रमांक–विद्या/इंस्पायर/2009/641, दिनांक 6.7.2010

विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों में दिये गये निर्देश अनुसार आपके जिले में इंस्पायर अवार्ड प्रोग्राम अन्तर्गत 1,2 एवं 3 अगस्त 2010 को तीन दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान प्रर्दशनी का सफल आयोजन किया गया। पूरे प्रदेश में इस वृहद आयोजन को सफल बनाने के लिये आपको एवं आपकी सहयोगी टीम के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन 20,21एवं 22 अगस्त 2010 को भोपाल में शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय शिवाजी नगर भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में आपके जिले के चयनित 5 प्रतिशत छात्र–छात्रायें अपने प्रोजेक्ट/मॉडल प्रस्तुत करेंगे। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के चयनित छात्र–छात्राओं की सहभागिता हेतु अधोलिखित निर्देशानुसार कार्यवाही करें:–

01. जिले के सभी चयनित छात्र–छात्राओं को लिखित में भोपाल में आयेजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में दिनांक 20, 21एवं 22 अगस्त 2010 को भाग लेने हेतु निर्देशित करें एवं उनकी शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें।

02. प्रत्येक जिले से छात्र–छात्राओं के साथ मार्गदर्शी शिक्षक भी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेगें एवं छात्र–छात्राओं की देखभाल करेंगे। सहभागिता हेतु मार्गदर्शी शिक्षको की संख्या का निर्धारण इस प्रकार किया जाता है।

10 अवार्डी छात्र	02 मार्गदर्शी शिक्षक	जिनमें 01 महिला शिक्षिका हो
11से 20	03 मार्गदर्शी शिक्षक	जिनमें 01 महिला शिक्षिका हो
21 से 30	04 मार्गदर्शी शिक्षक	जिनमें 02 महिला शिक्षिका हों
31 से 40	05 मार्गदर्शी शिक्षक	जिनमें 02 महिला शिक्षिका हों
41 से 50	06 मार्गदर्शी शिक्षक	जिनमें 03 महिला शिक्षिका हों
50 से अधिक	07 मार्गदर्शी शिक्षक	जिनमें 03 महिला शिक्षिका हों

आवश्यकता अनुसार मार्गदर्शी शिक्षकों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

03. राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र–छात्राओं की प्रभावी सहभागिता हेतु जिला स्तर पर विज्ञान के विषेशज्ञों का एक कोर समूह का गठन करें। जिसमें स्थानीय ज्यूरी सदस्यों को भी शामिल करें। यह समूह छात्र–छात्राओं के चयनित प्रोजेक्ट/मॉडल को परिमार्जित करने एवं इसे राज्य स्तर पर प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करने में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेगा। इस संबंध में अपने स्तर से कार्यवाही करें। क्योंकि राज्य स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ 5 प्रोजेक्ट/मॉडल राष्टीय विज्ञान प्रदर्शनी में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

04 राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं एवं मार्गदर्शी शिक्षकों के आवास, भोजन यातायात आदि की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल एवं उनकी सहयोगी टीम द्वारा की जा रही है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल आपको समय पूर्व अवगत करायेंगे।

05 व्यवस्था एवं प्रदर्शनी संबधी जानकारी के लिये जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल एवं प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से संपर्क करें। इनके फोन नं. इस प्रकार हैं:–

- श्री सी.एम. उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल कार्यालय दूरभाष–0755–2557550,
  0755–2557523
  मो.नंबर–94251–19297
- श्री राजेश तिवारी प्राचार्य शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.शिवाजी नगर, भोपाल–
  विद्यालय.दूरभाष 0755–2552490
  मो.नंबर 98266– 23335

05 सभी सहभागी मार्गदर्शी शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं को यात्रा व्यय का भुगतान भी राज्य स्तर से जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।

06 जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल को राज्य स्तरीय प्रर्दशनी में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं की ज्युरी के हस्ताक्षर युक्त सूची एवं मार्गदर्शी शिक्षकों के नाम शीघ्र उपलब्ध करायें। इसकी एक प्रति संचालनालय में श्री गुरबचन सिंह / श्री शेखर वर्मा को उपलब्ध करायें।

कृपया निर्देशानुसार कार्यवाही करते हुये राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शतप्रतिशत छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करें एवं **संलग्न प्रपत्र 'अ'** में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी की जानकारी संचालनालय में उपर्युक्त अधिकारियों को 16 अगस्त से पहले उपलब्ध करायें।

(डॉ.अवध किशोर मिश्रा)
संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

पृष्ठा.क्रमांक / विद्या / इस्पायर अवार्ड / 2010 / 811 भोपाल, दिनांक 09.08.2010

प्रतिलिपि:–

01 नि.ज सचिव, माननीय मंत्री स्कूल शिक्षा मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
02 नि.ज सचिव, माननीय राज्य मंत्री स्कूल शिक्षा मध्यप्रदेश शासन, भोपाल।
03 प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल।
04 प्रमुख सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
05 डॉ. एन.जे.थामस, वैज्ञानिक भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, टेक्नॉलाजी भवन, नया मेहरोली मार्ग, नई दिल्ली–110016
06 समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश
07 समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मध्यप्रदेश।
08 समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश की ओर सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
09 समस्त जिला संयोजक / सहायक आयुक्त मध्यप्रदेश।
10 समस्त प्राचार्य, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, जिला मुख्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक तैयारी हेतु।
11 श्री सी.एम. उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि [illegible] के सादर निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय आयोजन के सफल संचालन हेतु आपने विभिन्न समितियों की बैठक एवं जिलों से शामिल होने वाले चयनित छात्रों की आवास एवं भोजन एवं प्रदर्शनी आदि के आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली होगी। इसका विस्तृत प्रतिवेदन दिनांक 11.08.10 को दोपहर 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

संचालक 9/8/10
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

प्रपत्र 'अ'

जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी
जानकारी प्रपत्र

क. 01. जिले का नाम
02. जिला कलेक्टर का नाम
03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत का नाम
04. जिला शिक्षा अधिकारी का नाम
फोनः कार्यालय
सेलफोनः
05.प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय का नाम
फोनः कार्यालय
सेलफोन न.
06.जिला परियोजना समन्वयक जि.शि.के. का नाम
फोनः कार्यालय
सेलफोन न.

ख. 01. जिला स्तरीय प्रदर्शनी किन तिथियों में आयोजित की गई
02. प्रदर्शनी स्थल का नाम

ग. 01. अवार्डी छात्र–छात्राओं की संख्या
02. जिला प्रदर्शनी में शामिल अवार्डी छात्र–छात्राओं की संख्या
(जिला शिक्षा अधिकारी/ज्यूरी द्वारा हस्ताक्षरित नामों की सूची संलग्न करें) **परिशिष्ट–एक**
03. ज्यूरी द्वारा चयनित छात्र–छात्राओं की संख्या
(ज्यूरी के हस्ताक्षर युक्त नामों की सूची संलग्न करें।) **परिशिष्ट–दो**

घ. 01. प्रदशर्नी में निर्णायक के रूप में भाग लेने वाले ज्यूरी का विवरणः–

बाह्य ज्यूरी	नाम	विषय	पद	पूरा पता फोन न. ई मेल सहित	क्या मेंटर सूची में नाम है। हाँ/नहीं
01.					

आंतरिक ज्यूरी	नाम	विषय	पद	पूरा पता	फोन न. ई मेल सहित
01.					
02.					
03.					
04.					

चः डेबिट वारंट की स्थितिः–
01. प्राप्त डेबिट वारंटः संख्या
02. वितरित डेबिट वारंटः संख्या
03. छात्र–छात्राओं द्वारा राशि प्राप्त वारंटः संख्या
04. बैंक से कैश न होने वारंटः संख्या
05. संचालनालय को लोटाये गये कुल डेबिट वारंटः संख्या
5.1.1 त्रुटिपूर्ण (त्रुटि के विवरण सहित): संख्या
5.1.2 एक ही नाम के दो वारंटः संख्या
5.1.3 छात्र–छात्रा की खोज नहीं की जा सकीः संख्या

5.1.4 अन्य कारण(कारण सहित) : संख्या

छ. 01. कुल कितने प्रोजेक्ट/मॉडल प्रस्तुत किये गये

02. विषय/थीम वार विवरण दें:–

क्रमांक	विषय/थीम	प्रोजेक्ट/मॉडल की संख्या	अन्य विवरण

ज. वित्तीय स्थिति:–

01. कुल प्राप्त राशि रु.

02. व्यय की गई राशि रु.

03. शेष राशि रु.

04. व्यय की गई अतिरिक्त राशि रु.

(उपयोगिता प्रमाण पत्र संलग्न करें।) परिशिष्ट–तीन

झ. आवास व्यवस्था का विवरण दें:–

क्र.	आवास स्थल का नाम	ठहरने वाले छात्रों की संख्या	ठहरने वाली छात्राओं की संख्या	मार्गदर्शी शिक्षकों की संख्या	अभिभावकों की संख्यां	कुल संख्या

01. क्या प्रतिभागियों को आवश्यक बिस्तर उपलब्ध कराये गये हाँ/नहीं

02. उचित पेय जल व्यवस्था की गई हाँ/नहीं

03. उचित बिजली की व्यवस्था की गई हाँ/नहीं

ट. उद्घाटन/समापन कार्यक्रम

01. क्या उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। हाँ/नहीं

02. उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि : नाम

03. उद्घाटन कार्यक्रम के विशेष अतिथि : नाम

04. उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता : नाम

05. उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथि: नाम

06. क्या समापन समारोह आयोजित किया गया। हाँ/नहीं

07. समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि : नाम

08. समापन कार्यक्रम के विशेष अतिथि : नाम

08. समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता : नाम

09. समापन कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथि : नाम

ठ. अन्य विवरण

01. क्या इलेक्टॉनिक एवं प्रिंट मीडिया में प्रचार–प्रसार किया गया।
(कुछ चुनी हुई कतरतें संलग्न करें।)

02. क्या आयोजन का दस्तावेजीकरण किया गया।
(कुछ चुने हुये फोटोग्राफ एवं सी.डी./डी.वी.डी. संलग्न करें)

03. क्या प्रतिभागियों को पहचान पत्र दिये गये।
(नमूना संलग्न करें।)

04.क्या प्रतिभागियों एवं चयनित छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र दिये गये।
(नमूना संलग्न करें।)

05.क्या आयोजन के अवसर पर पत्रिका/स्मारिका/ब्रोश्योर या अन्य सामग्री प्रकाशित की गई। हाँ/नहीं
(नमूना संलग्न करें।)

06. क्या आयोजन के अवसर पर छात्र–छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गई। हाँ/नहीं
(नमूना संलग्न करें।)

07. क्या अन्य साहित्यिक/सांस्कृतिक/विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हाँ/नहीं
(विवरण दें।)

08. अन्य उल्लेखनीय जानकारी, जो आप देना चाहते है। (परिशिष्ट–चार)
पृथक से संलग्न करें।

दिनांक.....

हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधिकारी